दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 21 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 299 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3






## दिल्ली के रोहिणी में जोरदार ब्लास्ट, सफेद पाउडर ने उड़ाई सुरक्षा एजेंसियों की नींद

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में सी.आर.पी.एफ स्कूल के पास हुए धमाके ने आज सबको डरा कर रख दिया। राहत की बात यह रही कि इस बम धमाके में कोई हताहत नहीं हुआ। रोहिणी इलाके में हुए इस बम धमाके का अब वीडियो भी सामने आ गया है। धमाका कितना जोदार था, इस 17 सेकेंड के वीडियो को देखकर साफ पता चल रहा है। बता दें कि धमाका आज सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर हुआ था। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इस ब्लास्ट से स्कूल की दीवार, पास की दुकानें और एक कार को नुकसान पहुंचा है।

**बम धमाके का आया सीसीटीवी वीडियो :** दिल्ली पुलिस रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में स्थित उफ्छत्र स्कूल में हुए इस बम धमाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। अब 17 सेकेंड छोटे सीसीटीवी वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। इस 17 सेकेंड वीडियो में बम धमाके की तीव्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है। वीडियो में दिख रहा है कि एक रोड के किनारे दो कार खड़ी हैं और तभी 15 सेकेंड के बाद एक तेज धमाका होता है और कैमरा भी धुंधला हो जाता है।






**बम धमाके की जांच में क्या पता चला ? :** दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमें घटनास्थल पर धुएं का गुबार उठता हुआ नजर आया। विस्फोट के बाद का एक कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें घना सफेद धुआं नजर आ रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि वे मोबाइल नेटवर्क का डेटा एकत्र कर रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि विस्फोट के समय आसपास कौन-कौन मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि ऐसा संदेह है कि एक देसी बम के कारण यह धमाका हो सकता है।

सीआरपीएफ स्कूल के बाहर के इलाके का निरीक्षण कर रहे फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल पर संदिग्ध ह्यसफेद पाउडरह्न बरामद किया है और उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। उन्होंने स्कूल की दीवार के पास एक गड्ढा भी खोदा है और मिट्टी के नमूने भी ले गए हैं। एनएसजी अधिकारियों ने घटनास्थल से बरामद कुछ सामग्री भी जांच के लिए भेज दी है।


एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह किसी तरह का विस्फोटक है या कुछ और है, इसका पता तभी चल पाएगा जब हम इसकी पूरी तरह से जांच करेंगे। हमें संदेह है कि किसी देसी बम के कारण यह धमाका हो सकता है। अधिकारी ने बताया कि एनएसजी, एनआईए और दिल्ली पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। त्योहार के कारण दिल्ली पुलिस पहले से ही हाई अलर्ट पर है।

## पति की लंबी आयु की कामना के साथ सुहागिनों ने मनाया करवाचौथ का पर्व

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। श्रद्धा-आस्था और पारिवारिक मूल्यों को परिलक्षित करता करवाचौथ का पर्व रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। सुहागन स्त्रियों ने सुबह सवेरे ही पूजा-अर्चना कर अपने व्रत की शुरूआत की। शाम के समय पॉश कॉलोनियों से लेकर गली-मोहल्लों में करवाचौथ की कथा का सामूहिक रूप से आयोजन होता दिखाई दिया। इसके उपरांत सुहागन महिलाओं ने चंद्र दर्शन कर अपने पति की लंबी आयु की कामना की। महिलाओं को उनके पतियों ने जल पिलाकर उनके व्रत को संपूर्ण कराया। इस दौरान चारों ओर आस्था, पारिवारिक मूल्यों, एक-दूसरे के प्रति विश्वास और श्रद्धा का माहौल नजर आया। भारतीय संस्कृति का ये पर्व पूरे हर्ष औरप उल्लास के साथ मनाया गया। दैनिक करंट क्राइम ने अपने पाठक परिवार के साथ करवाचौथ पर्व की खुशियों को साझा किया। पाठकों ने भी हमेशा की तरह अपनी खुशियों में अपने उत्साह में करंट क्राइम को शामिल किया और अपने-अपने फोटो भेजे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने सभी को पर्व की बधाई देते हुए सभी फोटो स्थान दिया है।


डॉ.अतुल कुमार जैन एवं अंजू जैन


अजय गुप्ता करवा चौथ पर अपनी पत्नी का व्रत खुलवाते हुए


संजीव गुप्ता अपनी पत्नी के साथ


वीरेंद्र सारस्वत एवं रेनू सारस्वत, दिशात एवं रीना सारस्वत




सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय अपनी धर्मपत्नी के साथ


भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमांशु लव की पुत्रवधू एकता लव ने करवाचौथ की पूजा की


इंद्रजीत सिंह टीटू
पति और पत्नी के बीच अटूट रिश्ते को और मजबूत करने का एक पर्व। आज के दिन धर्मपत्नी बिना खाए पिए अपने पति की तंदुरुस्ती और दीर्घायु की परमपिता परमात्मा से अरदास करती है।




एडीएम सिटी गंभीर सिंह




इंस्पेक्टर रवि बालियान प्रभारी
112 यूपी गाजियाबाद


पत्नी संग गौरव शशि नारायण

# पति की लंबी आयु की कामना के साथ सुहागिनों ने मनाया करवाचौथ का पर्व



मिडोस विस्टा सोसायटी नजदीक रिलाइएवल इंस्टिट्यूट मोर्टा में महिलाएं करवा चौथ मनाती हुई

सुनिता शर्मा

भावना गर्ग

दीपक और ज्योति

पंकज और अनुराधा शर्मा

करवा चौथ पर क्षेत्र की सभी सुहागन महिलाएं करवा चौथ की कथा सुनकर करवा चौथ की पूजा की

एकता लव

हरिश शर्मा और रेनू शर्मा

कपिल और सोनम



नरेश गर्ग और ममता गर्ग

पलक गुप्ता

प्रसाद कुसुम गोयल और पूजा गोयल

पिंकी और विभोर

राहुल गोयल और मनु गोयल

प्रभा देवी

राजिव अग्रवाल और आरती

सशहिलाता शर्मा



रेनू और प्रदीप बंसल

श्रुति त्यागी वसुंदरा

ओरवशी चौहान और डॉ सुरेश कुमार

शुशांक गुप्ता और किंति गुप्ता

संजीव वालमीखी और सरदा

वैध प्रकाश और मधवी देवी




गोरिश

ज्योति सिंह तोमर

मयंक अतरी और डोली अतरी

मेघा वर्मा

नितिन अर्थला और मोनिका

मालती गौतम और आनंद गौतम

ममता और श्याम वैशाल गाजियाबाद



मिनाक्षी

मोनिका शर्मा

नितिन और मंगल

तनु पराशर, दिव्या, अलवा अरोड़ा, निधी,

ज्योति, प्रदीप कुमार मौर्या



डॉ. सुषमा रानी , मोनिका पंडिता , डॉ गीता रानी , डॉ. अरुणा भारद्वाज , नीतू

अलका और वगेश शर्मा

अकांक्षा और शंध

अनिता जोशी और हेमंत जोशी

अनिता सिंगल और खुशबू सिंगल

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# विदेश से लौटे और गाजियाबाद आकर नहीं ली अंगड़ाई फिर सांसद अतुल गर्ग ने अपनी कार दिल्ली की ओर दौड़ाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सांसद अतुल गर्ग शनिवार की देर रात विदेश से वापस लौटे। उनके समर्थक उनके स्वागत के लिये दिल्ली के सफदरजंग हवाई अड्डे पर मौजूद थे। जैसे ही राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और उनके साथ गए तीन सांसद भारत की धरती पर उतरते तो उनका स्वागत किया गया। अतुल गर्ग वापस गाजियाबाद आए और बताया जाता है कि गाजियाबाद लौटने के बाद वो ठीक से सो भी नहीं पाए थे कि उन्हें फिर से दिल्ली का बुलावा आ गया।

गौरतलब है कि अतुल गर्ग विदेश जाने से पहले गाजियाबाद में दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे पर मौजूद थे। इसी दौरान अचानक उनके मोबाइल फोन की घंटी बजी और अतुल गर्ग तुरंत खड़े हो गए। ये नहीं पता चल पाया कि किसका फोन था, लेकिन उस फोन का प्रताप इस बात से समझा जा सकता है कि उस दिन नवरात्र के सारे कार्यक्रम निरस्त हो गए। अतुल गर्ग ने तुरंत दिल्ली की ओर रुख कर लिया। सियासी गलियारों में चर्चा फैल गई। सूत्र बताते हैं कि दिल्ली के मजबूत चेहरे से अतुल गर्ग की मुलाकात हुई। यहां अतुल गर्ग ने जिस नाम को लेकर पैरोकारी करनी थी वो कर दी और फिर उसके बाद अगले दिन ही सांसद अतुल गर्ग महामहीम राष्ट्रपति के साथ छह दिवसीय विदेश यात्रा पर चले गए। चर्चा यही रही कि अतुल गर्ग ने जो काम करना था वो कर दिया, लेकिन सबकी नजरें इस बात पर रही कि अगर काम हो गया है तो रिजल्ट क्यों नहीं आ रहा है।



**अतुल गर्ग विदेश जाने से पहले गाजियाबाद में दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे पर मौजूद थे। इसी दौरान अचानक उनके मोबाइल फोन की घंटी बजी और अतुल गर्ग तुरंत खड़े हो गए। ये नहीं पता चल पाया कि किसका फोन था, लेकिन उस फोन का प्रताप इस बात से समझा जा सकता है कि उस दिन नवरात्र के सारे कार्यक्रम निरस्त हो गए। अतुल गर्ग ने तुरंत दिल्ली की ओर रुख कर लिया। सियासी गलियारों में चर्चा फैल गई।**

कहने वाले कह रहे हैं कि ये भाजपा का टिकट है और जो किसी सस्पेंस मूवी से कम नहीं है। यहां चर्चा किसी की चलती है, पर्चा किसी का हो जाता है और खर्चा कोई और करता है। यहां कभी टीआरपी का टॉप गियर लग जाता है तो कभी टीआरपी डाउन हो जाती है। कभी किसी फैक्टर के संकेत मिलते हैं तो कभी कुछ और चर्चा चल पड़ती है।

सूत्र बताते हैं कि सांसद अतुल गर्ग विदेश से अपने शहर लौटे और वो ठीक से अंगड़ाई भी नहीं ले पाए थे कि उन्होंने अपनी गाड़ी दिल्ली की ओर दौड़ाई। उन्होंने अपने चालक को आदेश दिया कि कार का रुख दिल्ली की ओर मोड़ लो। अब अतुल गर्ग गर्ग कार में गए है और पैरोकार किसके बनेंगे इसको लेकर सस्पेंस हैं। बहरहाल रविवार को दिल्ली वाले पथ पर गाजियाबाद के लोकसभा सांसद का रथ तेजी से जाता देखा गया है। रविवार को जो कुछ भी तय हुआ है, सोमवार में किसी का कल्याण होगा क्योकि सोमवार या मंगलवार में टिकट की घोषणा होनी ही है।

## एसएमएस फैक्टर पर चला है क्या कोई समीकरण ट्रैक्टर

राजनीति में टिकट चेहरे से पहले समीकरण का होता है। ये समीकरण समाज का हो सकता है। ये समीकरण बिरादरी का हो सकता है। ये समीकरण संतुलन का हो सकता है और ये समीकरण वरिष्ठता का भी हो सकता है। दैनिक करंट क्राइम पहले से ही शहर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवारी को लेकर एसएमएस फैक्टर का जिक्र करता आ रहा है। हालांकि रविवार को भी मामला सस्पेंस में रहा, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि टिकट तो एसएमएस में से ही होना है। कोई इस बात का दावा कर रहा है कि एसएमएस में से एक एस उड़ गया है और अब एक एस और एम में मुकाबला है। एक गुट बता रहा है कि एमएस की टीम में किसी एल की भी एंट्री हो गई है। कितना फैक्टर काम करेगा ये बाद की बात है, लेकिन ये बताया जात है कि एसएमएस फैक्टर पर भी ट्रैक्टर चल सकता है।

## समीकरण हैं इतना महीन लोकसभा की हिल गई थी जमीन

भाजपा की राजनीति है और यहां किसका टिकट होगा कुछ नहीं कहा जा सकता। जब विधानसभा की बारी थी तब साहिबाबाद के टिकट को लेकर विकट सीन बन गया था। यहां पंकज सिंह का नाम तेजी से चला था और मानने वालों में ये मान लिया था कि पंकज सिंह के नाम पर कोई ऑब्जेक्शन नहीं होगा, लेकिन पंकज सिंह का नाम आते ही राजनाथ सिंह बैठक से चले गए थे और टिकट सुनील शर्मा का हुआ था। ये भाजपा है और यहां समीकरण इतना महीन होता है कि इसकी गवाही गाजियाबाद की लोकसभा सीट दे सकती है। इस सीट पर जनरल वीके सिंह सिटिंग सांसद थे और कोई ये सोच भी नहीं सकता था कि जनरल वीके सिंह का टिकट कट जायेगा, लेकिन उनका टिकट कटा और शहर विधायक अतुल गर्ग को मिला। अतुल गर्ग चुनाव लड़े और शानदार जीत हासिल की। लिहाजा ऐसे में जब टिकट घोषित हुआ था तो सारे सियासी समीकरणों की जमीन हिल गई थी। कोई दूर-दूर तक सोच भी नहीं सकता था और किसी को ये एहसास भी नहीं था कि अतुल गर्ग का टिकट होने वाला है। लेकिन पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बनाया। लिहाजा जिस सियासत में लोकसभा की जमीन हिल जाती है वहां विधानसभा का टिकट भी इतना ईजी ना होकर विकट ही माना जायेगा।

सदस्यता अभियान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप को भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्य बनाया।

# अस्पताल के एजेंट के बैग से संदिग्ध परिस्थिति में 23 लाख रुपए गायब

**इंदिरापुरम।** कौशांबी थाना क्षेत्र वैशाली में अस्पताल से कैश कलेक्शन करने फील्ड में निकले एजेंट के बैग से संदिग्ध परिस्थिति में करीब 23 लाख 30 हजार रुपये गायब हो गए। शुक्रवार को कैश मैनेजमेंट कंपनी की तरफ से एजेंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी ने कैश गिर जाने का बहाना बनाया। पुलिस एजेंट से पूछताछ कर रही है।

जयशंकर दिल्ली की कैश मैनेजमेंट कंपनी के मानव संसाधन विभाग के सहायक प्रबंधक हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कंपनी में रवि कुमार नाम का व्यक्ति तैनात है। रवि कुमार वैशाली स्थित मैक्स अस्पताल में कैश कलेक्शन के लिए गया था। यहां से 23.30 लाख रुपये लेकर करीब आधा किलोमीटर दूर यूपी गेट पर खड़ी कैश वैन पर पहुंचा। वैन पर तैनात दूसरे कर्मचारी ने रवि को बताया कि उसके बैग की चेन खुली है। इसी में रवि ने नकदी रखी थी। तुरंत इस मामले में कंपनी को सूचना दी गई। जयशंकर का कहना है कि रवि पर उन्हें शक है।

रकम हड़पने के लिए वह कंपनी को गुमराह कर रहा है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर रवि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उससे पूछताछ की जा रही है। अस्पताल और वैन के बीच रास्ते में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए हैं। अस्पताल से ही बैग की चेन खुली थी। हालांकि उस समय बैग में नकदी का पैकेट रखा दिख रहा था। बीच में यह पैकेट कहीं गिर गया या गायब किया गया, इसकी फुटेज नहीं मिली है। पूछताछ और फुटेज से जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## पति की लंबी आयु की कामना के साथ सुहागिनों ने मनाया करवाचौथ का पर्व



योगेंद्र मलिक थाना प्रभारी कवि नगर



तुषार अपनी पत्नी दियांशी के साथ



करवा चौथ पर्व के मौके पर हेमलता शर्मा पूर्व पार्षद



रॉयस वैशाली सेक्टर 3



हेमंत वाजपेयी विनीता बाजपई






मन्नू व वर्षा



नितिन गुप्ता पत्नी रजनी गुप्ता



बबीता भाटी पत्नी श्रीमान हरीश भाटी



रविन्द्र गुप्ता पत्नी चंचल गुप्ता

# विदेश से गाजियाबाद लौटते ही अतुल गर्ग से संगठन ने फार्म भरवाया

## लोकसभा सांसद को महानगर अध्यक्ष ने पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और इस समय वो भगवा सियासत के आसमान पर छाये हुए हैं। वो सदस्यता अभियान की उस समिति के सदस्य हैं जिसकी कमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा स्वयं संभाल रहे हैं। जिसमें पूरे देश से केवल तीन लोग हैं।

अतुल गर्ग चंडीगढ़, बिहार से लेकर अब दिल्ली के विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हैं। वो देश के उन तीन सांसदों में शामिल हैं जो महामहीम राष्ट्रपति के साथ तीन देशों के राजकीय दौरे पर गए, लेकिन भाजपा की संस्कृति में संगठन सर्वोपरि है और इस बात का परिचय रविवार को देखने को मिला।

जैसे ही लोकसभा सांसद अतुल गर्ग छह दिवसीय विदेश प्रवास से वापस अपने आवास पर लौटे तो संगठन ने तुरंत उन्हें अपने पास बैठाया और उन्हें पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाया। ये संगठन की सक्रियता है और सांसद का कार्यकर्ता भाव है।

भाजपा की यही विशेषता उसे अन्य राजनीतिक दलों से अलग बनाती है। अतुल गर्ग भाजपा के सक्रिय सदस्य बनें। सबसे बड़ी बात ये है कि स्वयं अतुल गर्ग ने अपने लोकसभा क्षेत्र में बाजारों में घूम-घूमकर लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। उन्होंने कई व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर कैंप लगाए और खुद अपने हाथों से सदस्य बनाएं। रविवार को संगठन ने सांसद अतुल गर्ग को भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाया।

# हो गया उस वक्त भाजपा पार्षद का दिल भारी

## जब जीडीए का बुल्डोजर गिरा गया उनकी चारदिवारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के कार्यकर्ता से लेकर पदाधिकारी तक ये गिला अक्सर रहता है कि उनकी कोई नहीं सुन रहा। जब भी कोई प्रभारी मंत्री आता है तो भाजपा वालों का बताते-बताते गला भारी हो जाता है कि उनका कोई नहीं सुन रहा है। बीते दिनों भाजपा के एक पार्षद के निर्माण पर बुल्डोजर चला था। वो तब चला था जब संगठन से लेकर सरकार वाले बुल्डोजर रोकने की हिमायत कर रहे थे, लेकिन उसके बावजूद ध्वत करने के बाद ही बुल्डोजर वापस लौटा।



इंदिरापुरम में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते राधेश्याम त्यागी भी भाजपा में आ गए। उन्हें लगा होगा कि सत्ता में रहकर सरकार से लाभ लिया जा सकता है। इसलिए उन्होंने हाथी से चुनाव लड़ने के बावजूद केसरिया दामन थामा। लेकिन भाजपा पार्षद के इरादों पर उस समय वज्रपात हुआ जब वो अपने एक भूखण्ड की चार दिवारी करवा रहे थे।

बताया जाता है कि इस जमीन को लेकर कुछ कानूनी पेंच है। दरअसल ये जमीन राधेश्याम त्यागी के परिवार की है और राधेश्याम त्यागी का दावा है कि इसमें एक भूखण्ड उनका है। जबकि जीडीए पक्ष का ये कहना है कि यह जमीन अधिग्रहण हो चुकी और इस जमीन का मुआवजा लिया जा चुका है। लिहाजा इस पर भाजपा पार्षद का कोई अधिकार नहीं बनता।

इन सब के बीच रविवार को भाजपा पार्षद इस भूखण्ड की चार दिवारी करवा रहे थे। बताते हैं कि रविवार को ही जीडीए का बुल्डोजर पहुंचा और भाजपा पार्षद राधेश्याम त्यागी के प्लॉट की चार दिवारी को गिरा दिया। भाजपा पार्षद ने जीडीए दस्ते को कहा कि यह उनकी जमीन है लेकिन जीडीए दस्ते ने कोई बात नहीं सुनी और चार दिवारी ध्वस्त कर दी।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान में संघ वाले विनोद उपाध्याय आ गये मैदान में

## कर दिया विधानसभा उपचुनाव लड़ने का ऐलान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा का उपचुनाव होना है और भाजपा में इस बार बगावत का बिगुल वरिष्ठ खेमे से बजा है। जिस संघ को अनुशासन के लिये जाना जाता है उस संघ के विचारक और वरिष्ठ नेता विनोद उपाध्याय ने मोर्चा खोला है। उन्होंने शहर सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। अब विनोद उपाध्याय अपने नाम के आगे जनसेवक लिख रहे हैं और उन्होंने बाकायदा चुनाव लड़ने की घोषणा की।



यहां तक तो सही था लेकिन उन्होंने अपने एक शब्द से भाजपा के जनप्रतिनिधियों को कठघरे में खड़ा किया। पहले वो फेसबुक पर आए और चुनाव लड़ने की बात कही। वो अपने पांच हजार फॉलोअर्स को लेकर उत्साहित हैं। उनका कहना है कि उनके निर्णय को सभी ने दिल से समर्थन दिया है। वो कह रहे हैं कि यदि मुझे विधायक बनने का मौका बाबा शंभू की कृपा से मिला तो आपको कभी निराश नहीं करूंगा।

### क्यों कहा 35 वर्ष से उपेक्षित इस क्षेत्र को चाहिए अपने बीच का जनसेवक

विनोद उपाध्याय संघ से जुड़े रहे हैं। वो चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं, लेकिन भाजपा के इस वरिष्ठ नेता ने 35 वर्षों से क्षेत्र को उपेक्षित बताकर भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि 35 वर्ष से उपेक्षित इस क्षेत्र के लिये अपने बीच का जनसेवक ही इस बार चाहिए। अब सवाल यही है कि इन 35 वर्षों में भाजपा के जो जनप्रतिनिधि आए क्या वो शहर वालों के बीच के नहीं थे। ऐसी कौन सी उपेक्षा हई है। बहरहाल विनोद उपाध्याय का कहना है कि वो जातीय संगठन के विरोध में हैं। वो पैसा या नाम कमाने के लिए चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। उनका कहना है कि वो विधायक बने तो एक नया उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, लेकिन उनके शब्द बता रहे हैं कि वो किसी ना किस को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। संघ के इस पुराने चेहरे ने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र की हमेशा उपेक्षा हुई। कार्यकताओं की शिकायतें नहीं सुनी गई और जो समस्याएं पिछले 35 वर्षों से इस क्षेत्र में थीं वो आज भी हैं।

## संपादकीय

# गांवों में चिकित्सकों की कमी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की ग्रामीण आबादी डॉक्टरों की कमी का समस्या का सामना कर रही है. हाल में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने भारत की स्वास्थ्य गतिशीलता (बुनियादी ढांचा और मानव संसाधन)2022-23 नामक एक वार्षिक रिपोर्ट जारी की है. इस रिपोर्ट को पहले ह्यग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकीह्व कहा जाता था. स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के गांवों में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य उपकेंद्रों के पास अपना भवन नहीं है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत पदों में सबसे अधिक 73 फीसदी कमी शल्यचिकित्सकों की है. इसके बाद, चिकित्सकों में 69 प्रतिशत, बाल रोग विशेषज्ञों में 68 प्रतिशत और प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों में 61 प्रतिशत) की कमी पायी गयी है. गांवों में चिकित्सकों की कमी की समस्या पिछले कई वर्षों से देखी जा रही है. सिर्फ एलोपैथी ही नहीं, होमियोपैथी और आयुर्वेदिक चिकित्सकों की भी कमी है. चिकित्सकों की कमी की वजह से गांव में बसे लोगों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता है और नतीजतन वे असमय काल के गाल में समा जाते हैं. इस समस्या से निपटने की कोशिशें भी समय-समय पर होती रही हैं, परंतु यह पर्याप्त नहीं दिखती है. स्थिति यह है कि पक्की नौकरी के बावजूद चिकित्सक गांव में नहीं जाना चाहते हैं।

कुछ राज्यों ने चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए सख्त कानून भी बनाये थे, तब भी गांव में सेवा देने से चिकित्सकों ने मना कर दिया. ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञों के लिए 13,232 पद स्वीकृत हैं. इनमें से केवल 4,413 ही भरे गये हैं. सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को मिलाकर ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शल्यचिकित्सकों के लिए 3,371 स्वीकृत पद हैं, मगर 913 पद भरे जा सके हैं. रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दस वर्षों में स्नातकोत्तर स्तर पर मेडिकल सीटों की संख्या में 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ी हैं।

इसके बावजूद ग्रामीण भारत में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी की समस्या बनी हुई है. वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के सत्ता में आने के बाद से विशेष उपचार के लिए एक दर्जन से अधिक एम्स जैसे चिकित्सा संस्थानों का निर्माण हुआ है. सरकार की योजना है कि देश के 761 जिलों में से हरेक में कम से कम एक बड़ा अस्पताल बने. कहने की जरूरत नहीं है कि भारत की बड़ी आबादी गांवों में बसती है. इतने प्रयासों के बावजूद गांवों में चिकित्सकों समेत स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी चिंताजनक है. त्वरित गति से इस समस्या का निदान किया जाना चाहिए ताकि गांव के लोग भी लंबी आयु पायें और रोगमुक्त रह सकें।

# देश के लिए अभिशाप बन चुके भ्रष्टाचार का अंत जरूरी

## जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों को लेना होगा कठोर संकल्प

-कर्मवीर नागर प्रमुख

### अहम पदों पर योग्य और ईमानदारों की तैनाती का सरकार को भी तय करना होगा क्राइटेरिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अगर भ्रष्टाचार के मामले में उत्तर प्रदेश की स्थिति पर ही चर्चा की जाए तो इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के विरुद्ध बहुत संजीदा हैं और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहे हैं। कोई भी मौका हो प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर हमलावर ही नजर आते हैं। लेकिन सोचने का विषय यह है कि आखिर प्रदेश के मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद भी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता क्यों नजर नहीं आ रहा है ? शायद भ्रष्टाचार से आजिज आ चुकी आम जनता को भी समय और परिस्थितियों ने अब इस तंत्र में शामिल होने के लिए मजबूर कर दिया है। देश में पनपे भ्रष्टाचार के लिए अगर हम सरकारों पर ही दोषारोपण करें तो यह भी उचित नहीं होगा क्योंकि हर रोज गली कूचों में चर्चा का विषय बना भ्रष्टाचार का अहम मुद्दा चुनावों के ऐन वक्त लोगों के बीच से अचानक गायब सा हो जाता है। देश के लिए अभिशाप बन चुके भ्रष्टाचार के इस मुद्दे पर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया जगत की चुप्पी भी जग जाहिर है।

आमतौर पर यह कहा जाता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से नीचे की तरफ चलता है। अगर यह बात सही है तो इसका सीधा सा ईशारा उन लोगों की तरफ है जो सरकार के उच्च पदों पर आसीन हैं। इसलिए भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जनप्रतिनिधियों और उच्च पदस्थ सरकारी मशीनरी को भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए कठोर संकल्प के साथ पहल करनी होगी तभी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा पाना संभव नजर आता है अन्यथा आमतौर पर देखने को यही मिल रहा है कि विभिन्न प्रदेशों में सरकार भले ही किसी भी राजनीतिक दल की हो लेकिन भ्रष्टाचार के मामले में कमोबेश हर प्रदेश का हाल एक जैसा ही है। पूरे देश में भ्रष्टाचार का यह आलम तब है जब पार्लियामेंट से पंचायत स्तर तक के जनप्रतिनिधि और राजनेता ईश्वर को साक्षी मानकर अपने पद की गोपनीयता भंग न करने एवं दुरुपयोग न करने की शपथ ग्रहण करने के बाद ही पद भार ग्रहण करते हैं। यहीं तक नहीं विभिन्न जनसभाओं में भाषण के दौरान और विभिन्न बैठकों में वार्ता के दौरान भी भ्रष्टाचार के खिलाफ खुलकर भाषणबाजी भी करते नजर आते हैं। ऐसे में अगर ईश्वर को साक्षी मानकर संविधान की शपथ लेने वाले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की बजाय खुद ही भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाएं तो इसका सीधा सा तात्पर्य है कि देश का संविधान और ईश्वर इन भ्रष्टाचारियों के लिए कोई मायने नहीं रखता और जब ऐसी स्थिति आ जाए तो समझो देश में भ्रष्टाचार अपनी पूरी पैठ बना चुका है। लेकिन यह भी शाश्वत सत्य है कि जिस दिन जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि लाइलाज हो चुके भ्रष्टाचार के खात्मे का हृदय से कठोर संकल्प ले लेंगे उस दिन प्रदेश से ही नहीं पूरे देश से भ्रष्टाचार जड़मूल खत्म हो जाएगा। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सरकार को भी अहम प्रशासनिक पदों पर अधिकारियों की तैनाती में योग्यता और ईमानदारी के मापदंड की प्राथमिकता सुनिश्चित करनी होगी तभी भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश और देश की कल्पना संभव है। अन्यथा फिलहाल तो 'पैसा फेंको तमाशा देखो' की कहावत चरितार्थ होती नजर आ रही है। लोगों की यह धारणा कुछ हद तक सच भी नजर आ रही है जैसा कि हाल ही में एक नगर पालिका की तत्कालीन अधिशासी के मामले में अखबारों में प्रकाशित खबरों के जरिए पढ़ने को मिला कि उक्त अधिकारी के विरुद्ध वित्तीय अनियमिताओं की जांच के 4 वर्ष बाद तब एक्शन होना संभव हो पाया जब यह मामला खतौली विधायक मदन भैया द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया गया अन्यथा तो भ्रष्टाचार के बाद भी अधिशासी मलाईदार पदों पर तैनाती लेती रहीं। यहां तक कि जांच में दोषी पाए जाने पर अब भी उसे गौतम बुद्ध नगर जैसे महत्वपूर्ण जिले की नगर पालिका में तैनात किया जाना लोगों के मन में कई तरह के संदेह पैदा कर रहा है जबकि आमतौर पर यह कहा जाता है कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों की राह दिखाई जाती है। यह ऐसा अकेला मामला नहीं बल्कि एक बानगी मात्र है। अगर सरकार भ्रष्टाचार का सचमुच खात्म करना चाहती है तो निश्चित तौर पर सख्त कदम उठाने होंगे। लेकिन लोगों का विश्वास तब डगमगा जाता है जब एक तरफ प्रदेश के मुखिया अवैध कॉलोनी बसाने, अवैध निर्माण करने और अवैध कब्जों के विरुद्ध सख्ती बरत रहे हों वहीं दूसरी तरफ धड़ल्ले से खुलेआम अवैध कॉलोनी बसाई जा रही हों, अवैध निर्माण हो रहे हों और अवैध कब्जे किए जा रहे हों तो ऐसे में भ्रष्टाचार समाप्त करने के संकल्प पर जनता का विश्वास डगमगाना स्वाभाविक है। क्योंकि यह 'जनता है सब जानती है कि अंदर क्या है बाहर क्या सब पहचानती है?' लेकिन जहां तक प्रदेश के मुख्यमंत्री की बात है तो कभी-कभी ऐसा भी लगता है कि 'अकेला चना कभी भाड़ नहीं फोड़ सकता।' इसलिए सरकार के सभी अंगों को मिलकर भ्रष्टाचार खत्म करने का प्रयास करना होगा तभी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा पाना संभव हो सकेगा।

# सीएनजी की कीमतों में हो सकती है 4-6 रुपये की बढ़ोतरी

## हालात संभालने के लिए सरकार उठा सकती है ये कदम



**नई दिल्ली।** सरकार ने शहरी खुदरा सप्लायर्स को सस्ती सीएनजी में कटौती की है। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सीएनजी की कीमतों में चार से छह रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। सूत्रों का कहना है कि हालांकि सरकार सीएनजी की बढ़ती कीमतों को उत्पाद शुल्क में कटौती करके नियंत्रित करने की कोशिश कर सकती है। सरकार ने प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत की कमी की है।

### गैस की सप्लाई में हो रही कटौती

अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक भारत में जमीन के नीचे से और समुद्र तल से पाइपों के जरिए प्राकृतिक गैस की सप्लाई होती है। इस प्राकृतिक गैस एक तरह का कच्चा माल होता है, जिसे ऑटोमोबाइल में इस्तेमाल के लिए सीएनजी और घरों में रसोई गैस के रूप में इस्तेमाल करने के लिए बदला जाता है। लेगेसी फील्ड से उत्पादित होने वाली गैस को शहरों के खुदरा गैस सप्लायर्स को भेजा जाता है। इस सप्लाई में पांच प्रतिशत सालाना की कटौती की जा रही है। घरेलू रसोई गैस की सप्लाई स्थिर है, ऐसे में उसमें बढ़ोतरी की संभावना नहीं है, लेकिन चूंकि सप्लायर्स के पास गैस की कम सप्लाई हो रही है, जिसके चलते उन्हें महंगी सीएनजी खरीदनी पड़ रही है। यही वजह है कि आने वाले दिनों में सीएनजी की कीमतें बढ़ने की आशंका है।

### सरकार कर सकती है उत्पाद शुल्क में कटौती

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जल्द ही महाराष्ट्र में चुनाव होने हैं और कुछ ही माह में दिल्ली में भी विधानसभा चुनाव होंगे। ऐसे में सरकार बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए सीएनजी पर उत्पाद शुल्क में कटौती कर सकती है। मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों में सीएनजी आधारित वाहनों की बड़ी संख्या है। यही वजह है कि सरकार नहीं चाहेगी कि कीमतों में बढ़ोतरी से मतदाता नाराज हों।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

संता- हवलदार साहब, मेरी मदद कीजिए।
कोई मुझे धमकी भरे कॉल कर रहा है।
पुलिसवाला - कौन है वह?
संता- मेरी गर्लफ्रेंड का पति...!!!

---

गर्लफ्रेंड ने बॉयफ्रेंड को तमाचा मार दिया...
बॉयफ्रेंड तिलमिला उठा और पूछा -
मैंने क्या गलती की...?
गर्लफ्रेंड बोली - तुम कोई गलती करो, उसके लिए मैं इंतजार थोड़े ही करती रहूंगी...!

---

पप्पू उदास बैठा था...
गप्पू- क्या हुआ, उदास क्यों बैठा है...?
पप्पू- क्या बताऊं यार, किसी ने कहा कि पेड़ से हमें 'शीतल छाया' मिलती हैं
मैं यहां पेड़ के नीचे तीन दिन से बैठा हूं, लेकिन न तो शीतल आयी और न छाया...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? यदि आप एक कटा हुआ अंगूर माइक्रोवेव में गर्म करते हैं, तो यह सुपर-हॉट प्लाज्मा में बदल कर आग के गोले की तरह विस्फोट कर सकता है।
- शायद आप यह नहीं जानते की, दुनिया के पसंदीदा फलों के शीर्ष दस में अंगूर, टमाटर, आम और केले के साथ गिना जाता है।
- अंगूर की बेल लगभग 15 मीटर (50 फीट) की लंबाई तक पहुंच सकती है। एक बेल आमतौर पर अंगूर के 40 गुच्छे पैदा करती है।
- यदि वनस्पति रूप से बात करे तो, यह फल जामुन के समूह से संबंधित है। एक क्लस्टर यानि गुच्छे में औसतन 75 जामुन शामिल होते हैं। वे गोल हो सकते है, अंडे का आकार में या लम्बे भी हो सकते है। अधिकांश अंगूरों की बेरीज में बीज होते हैं। बीजरहित अंगूरों को किशमिश बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है!
- वाइन की बोतलों पर साल का वर्ष तबसे माना जाता है, जबसे अंगूर फ्रूट को चुना गया था, न कि तब जब वाइन को बोतलबंद किया गया था। अंगूर फ्रूट का उत्पादन दुनिया भर में बहुत बड़ा, अच्छी तरह से विकसित और लोकप्रिय व्यापार है। इस ग्रह पर लगभग 25 मिलियन एकड़ भूमि अंगूर के बाग के साथ कवर किया गया है।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# व्यापार मंडल ने दीपावली के उपलक्ष्य में मनाया कार्यक्रम

## कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल के सांसद डॉ. राजकुमार सागवान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा द्वारा दीपावली मिलन का समारोह रविवार को चौधरी मोड स्थित ऑपूलेंट मॉल मोक्ष बैंक्विट हॉल में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बागपत डॉ राजकुमार सागवान पहुंचे। डॉक्टर राजकुमार सागवान ने सभी व्यापारी भाइयों को दीपावली मिलन की शुभकामनाएं दीं और कहा मैं सभी व्यापारियों की समस्याओं को हल करा ने के लिए हमेशा तैयार रहता हूं। मुझे व्यापारी भाई कभी भी कॉल कर सकते हैं। संरक्षक चौधरी तेजपाल सिंह ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष रविंद्र चौहान, राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद चौधरी, शुभम गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक संजीव अरोड़ा, राष्ट्रीय सचिव शिवकुमार शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक विकास चौधरी, सहसंयोजक विवेक तोमर, नरेंद्र कुमार नंदी, जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान, दिनेश शर्मा, चिंटू, किशन सिंह, राघव, राजीव गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, निशांत गर्ग, दिनेश गर्ग, वरिष्ठ नेता डॉ बीके शर्मा, हनुमान नौशाद, प्रिंस, संत राज चौहान, ज्ञानेंद्र कुमार, प्रदीप सोम, जयंत त्यागी, सौरभ गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# नोएडा में पिता ने बेटी को बेरहमी से मारा

## बोला : तूने मेरी इज्जत मिट्टी में मिली दी, फिर पत्थर से कुचला सिर, चढ़ा दी बाइक

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा की दादरी पुलिस ने युवती का शव मिलने के मामले में खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में खुलासा करते हुए मृतका के पिता को ही गिरफ्तार किया है। पिता ने अपनी इज्जत की खातिर ही अपनी बेटी की हत्या कर दी और उसके शव को दादरी थाना क्षेत्र में फेंक कर फरार हो गया था।

दरअसल 14 अक्टूबर को थाना दादरी क्षेत्रान्तर्गत दादरी बाईपास पर लाजिस्टिक पार्क से बिसाहडा अन्डर पास के पास अज्ञात महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर दादरी पुलिस सहित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर मृतका की शिनाख्त के लिए आस पास के थानों में जानकारी



जुटाई गई। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि सबूत इकट्ठा करने के सिलसिले में जानकारी मिली है कि मृतका सोनम के माता-पिता अब से करीब 2 महीने पहले पंचशील हापुड चुंगी, गाजियाबाद में सोनम सहित लेबर का काम करने के लिये आये थे और वहीं पर निवास कर रहे थे। 13 अक्टूबर को सुबह के समय सोनम कहीं चली गयई थी। माता-पिता के द्वारा तलाश करने पर जब कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इस पर माता-पिता ने नजदीकी पुलिस चौकी को सोनम के कहीं गायब करने की सूचना दी गयी थी। शाम के समय सोनम खुद वापस आ गई थी। जिसके बाद मृतका सोनम का पिता रामकिशोर शाम को शराब पीकर आया और आकर अपनी पत्नी और बच्चों से कहा कि हमें अभी गांव जाना है। रामकिशोर अपनी मोटरसाइकिल पर अपनी पत्नी लड़की सोनम और छोटे बेटे को लेकर चल दिया।

### सोनम घर से कहीं चली गई

इस मामले में विवेचना के दौरान शव की शिनाख्त के लिए तलाश गश्ती, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रयास किया गया। जिसके बाद अज्ञात शव की शिनाख्त सोनम पुत्री रामकिशोर निवासी गांव भूबरा, थाना आदमपुर, जनपद अमरोहा के रूप में हुई।

### सोनम को मारा-पीटा फिर मोटरसाइकिल चढ़ा दी

करीब बिसाहडा अन्डरपास की तरफ सर्विस रोड पर पहुंचकर रामकिशोर ने मोटरसाइकिल रोककर सोनम को बुरी तरह मारा-पीटा। इसके बाद कहा कि तूने मेरी इज्जत मिट्टी में मिला दी है। आज तुझे जान से मार दूंगा। लड़की की मां ने रामकिशोर को रोका तो उसके साथ भी मारपीट की और कहा कि अगर तू बीच में आई तो तुझे भी यहीं मार के डालूंगा। इसके बाद पास में पड़े पत्थर से सोनम के सिर में दो तीन वार किये और उसकी हत्या कर दी। उसके बाद आरोपी पिता ने मृतका के ऊपर से मोटरसाइकिल चढ़ा दी और अपनी पत्नी-बच्चे को बाइक पर बिठाकर गांव चला गया था। थाना दादरी पुलिस द्वारा मुकदमा दर्जकर आरोपी पिता रामकिशोर को दादरी बस अड्डे से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल और निशानदेही पर कोट नहर पुल के पास से घटना में इस्तेमाल हुए आलाकत्ल पत्थर बरामद किए गया है।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में नए छात्रों का स्वागत






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने फ्रेशर्स पार्टी - एस्पेरेंजा-2024 का आयोजन किया, जिसमें विश्वविद्यालय ने नए छात्रों का स्वागत एक अविस्मरणीय उत्सव, प्रतिभा और आपसी सहयोग के साथ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष एवं कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल तथा उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल द्वारा दीप प्रजवल और गणेश वंदना से हुई, जिसने समारोह में एक पवित्र और सम्मानजनक वातावरण का संचार किया। इस अवसर पर छात्रों में अतुलनीय उत्साह का संचार परिलक्षित रहा था जब उन्होंने दिन के शानदार कार्यक्रमों में प्रति भाग लिया।

प्रतिभागियो में सभी में उत्साह भर दिया और रात को माहौल एक ऊर्जा से भरपूर उत्सव में बदल दिया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में, कुलपति (प्रभारी), प्रोफेसर (डॉ0) प्रसेंनजीत कुमार ने छात्रों को बड़े सपने देखने और एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में अपने समय का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उप कुलपति (प्रशासन), पीयूष श्रीवास्तव (आई0पी0एस0, आई0 जी0- रिटायर्ड) ने छात्रों को अनुशासन और एकता के महत्व के साथ अग्रसर होने हेतु प्रेरित किया, उन्हें जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने के लिए मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में सभी निदेशकों, प्राचार्यों, प्रॉक्टर, रजिस्ट्रार, प्रशासनिक स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्रों की उपस्थिति ने इसे यादगार समारोह बना दिया। उत्साह, खुशी, और रचनात्मकता ने यह सुनिश्चित किया कि एस्पेरेंजा 2024 इस अकादमिक वर्ष के सबसे यादगार आयोजनों में से एक होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉ दीपा कँवर, चीफ अकाउंटेंट आफिसर सुभाष शर्मा, प्राक्टर संदीप सिंह व सी0एस0ओ0 प्रभात शर्मा व अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

जब नए छात्र इस नए सफर की शुरुआत करते हैं, तो एस्पेरेंजा- 2024 केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में उनकी यात्रा की शुरुआत है, जहां दोस्ती खिलेंगी और सपने उड़ान भरेंगे।

# एसआरएम आईएसटी में सी-शार्पकार्नर 2024 का किया गया आयोजन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसआरएम आईएसटी दिल्ली-एनसीआर कैंपस के निदेशक डॉ0 संजय विश्वनाथन की प्रेरणा से तीन दिवसीय सी-शार्पकार्नर-2024 डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में बीटेक तृतीय वर्ष, द्वितीय वर्ष व प्रथम वर्ष के 348 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कांफ्रेंस के प्रथम दिन एसआरएम आईएसटी मे अलग अलग देशो से आये वक्ताओं ने विद्याथीयों को ऐआई की विभिन्न एप्लिकेशन्स की जानकारी दी। आयोजन में सी-शार्प कंपनी के सीओओ फिल ड्वायर, सीईओ इवान कान, नोमैडकोड कॉम के संस्थापक धनंजय कुमार व स्वीडन से आए माइक्रोसॉफ्ट के रीजनल निदेशक व लोफ्टीसॉफ्ट कंपनी के संस्थापक मैग्नस मार्टिनसन प्रमुख वक्ता रहे। साथ ही, आयोजन में एमसीएन सॉल्यूशंस के वीपी इवेंट अतुल गुप्ता भी उपस्थित रहे। दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर डेवलपर्स की एसोसिएशन सी-शार्प कॉर्नर के सीओओ अमेरिका से आए फिल ड्वायर ने सी-शार्प कॉर्नर तथा उसके कार्यों के बारे में छात्रों को बताया। स्वीडन से आए माइक्रोसॉफ्ट



के रीजनल निदेशक व लोफ्टीसॉफ्ट कंपनी के संस्थापक मैग्नस मार्टिनसन ने छात्रों को क्लाउड कंप्यूटिंग के बारे में बताया। अमेरिका से आए, सी-शार्प कंपनी के सीईओ इवान कान ने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अनंत और अपार संभावनाओं व समस्याओं के बारे में बताया। नोमैडकोड कॉम के संस्थापक धनंजय कुमार ने मॉडर्न लर्निंग टूल्स के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसआरएम आईएसटी दिल्ली-एनसीआर कैंपस के डीन डॉ0 आरपी महापात्रा, सीडीसी डिपार्टमेंट की हेड व डीन आईक्यूऐसी डॉ0 धौम्या भट्ट, हेड ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डॉ0 अवनीश वशिष्ठ व इवेंट कोऑर्डिनेटरए कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिलाष का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कांफ्रेंस का संचालन निधि पांडेय ने किया। इस कांफ्रेंस के सफल आयोजन मे स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर्स, जयदीप सिंह, कुशाग्र शर्मा, सारा मिश्रा, प्रखर अग्रवाल व लक्ष्य का प्रमुख योगदान रहा।

# नेशनल पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह 'उत्सव' का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्रनगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह 'उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन तक विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ओपी यादव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्या रीना शर्मा, प्रबंधक शान्तनु शर्मा, उप प्रबंध प्रियांशु शर्मा, नरेंद्र कुमार, संजीव कुमार व संदीप शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। अलग-अलग प्रदेशों की संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए कार्यक्रमों द्वारा छात्रों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया।

विद्यालय के मंच से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चे सितारों की भांति लग रहे थे। अभिभावक जनों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की तथा विद्यालय द्वारा अपने देश की संस्कृति से छात्रों को अवगत कराने के प्रयास की सहाना की। प्रधानाचार्य रीना शर्मा ने छात्रों के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुएं सभी अध्यापकगण एवं कर्मचारियों की सराहना की।

# कौशांबी के हर घर को मिलेगा पानी : मनोज गोयल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 72 कौशांबी स्थित राधा कृष्ण लाइन में पीने के नए पाइपलाइन से कनेक्शन देने का कार्य चल रहा है। पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने बताया कई दिन से राधा कृष्ण लाइन में पानी के कनेक्शन दिए जा रहे हैं। पार्षद कुसुम गोयल का प्रयास है कि हर घर मिले गंगाजल पानी किसी के चलते वार्ड में जगह पानी की लाइन डाली जा रही है और लोगों को सुविधा के लिए कनेक्शन भी किया जा रहे हैं। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा मौके पर जाकर कार्य की समीक्षा की गई और जल्द से जल्द इस कार्य को खत्म करने के लिए ठेकेदार को बोला गया। इस अवसर पर वहां वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव, समाजसेवी जीडी शर्मा, विजय मोगिया, पंकज कलरा, अंकित गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# हरियाणा की एक्ट्रेस से गाजियाबाद फ्लैट में घुसकर जबरदस्ती की

## गला दबाया, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना नंदग्राम क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में हरियाणा के देसी गानों में हीरोइन का रोल करने वाली युवती ने आरोप लगाया कि उसके फ्लैट में घुसकर उसके साथ रेप करने की कोशिश की। जबरदस्ती करते समय उसका गला भी दबाया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसीपी नंदग्राम अजय कुमार सिंह ने बताया कि थाना नन्दग्राम पर एक दिल्ली निवासी महिला द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि जब वह रात में राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसाइटी में अपने एक मित्र से मिलने के लिए गई, तो वहां पर उनके मित्र का एक अन्य मित्र आकाश फ्लैट पर पहले से मौजूद थे। जोकि शराब के नशे में थे। महिला के ऊपर हमला किया गया। फिर रेप करने की कोशिश



की गई। मिली शिकायत के आधार पर आरोपी आकाश को हिरासत में लिया गया है। वहीं युवती ने बताया कि वो शूटिंग के लिए एक जानकर के फ्लैट पर रुकी हुई थी। फ्लैट ऑफिसर सिटी 1 थाना नन्द ग्राम में है। युवती का आरोप है कि आकाश त्यागी ने रात 12 बजे जबरन फ्लेट में गेट को लात मारकर तोड़ दिया और और उससे रेप करने की कोशिश की। युवती का आरोप है कि उसका गला भी दबाया गया।

# शालीमार गार्डन एक्टेंशन 2 का आरडब्ल्यूए का चुनाव संपन्न, अध्यक्ष बने साईराम नायर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन एक्टेंशन 2 चंद्रशेखर पार्क में आरडब्ल्यूए के चुनाव हुए। चुनाव में जिसमें कुल 339 वोट पड़े। पूरी चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन कमेटी के निर्देशन व पुलिस -प्रशासन के अधिकारियों के संरक्षण में संपन्न हुए। चुनाव हुए पदाधिकारी साईराम नायर अध्यक्ष, तेजपाल शर्मा उपाध्यक्ष, स के भौमिक उपाध्यक्ष, नवनीत शर्मा महासचिव, निलेश मित्तल कोषाध्यक्ष, रामबीर शर्मा संयुक्त सचिव, गौरव सिंह संगठन सचिव चुने गए।

# मंत्री के हस्तक्षेप के बाद बिजली विभाग आया हरकत में

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सीकरी रोड बिजली घर के अंतर्गत सीकरी कलां गांव के पास महालक्ष्मी एंक्लेव कॉलोनी में पिछले दिनों एक खंभा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसकी शिकायत कॉलोनीवासियों ने कंट्रोलरूम 1912व मोदीनगर बिजली विभाग के अधिकारियों से की थी, लेकिन बिजली विभाग द्वारा उसको दुरूस्त नहीं कराया गया था। आशीष त्यागी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मोदीनगर के बिजली विभाग के अधिकारियों की जनता से बिजली के नए कनेक्शन, बिजली लोड, मीटर चेंज व अन्य प्रकरणों में शिकायत मिली है। जिसको लेकर जल्द ही लखनऊ जाकर वह राज्यमंत्री एके शर्मा व यूपीसीएल के अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे।

# करवा चौथ पर सुहागिनों में छाया उल्लास, सुबह से ही सजने-संवरने में जुटीं



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पति पत्नी में प्रेम और अटूट रिश्ता बनाए रखने में करवा चौथ का महत्व अधिक है। व्रत रखने को लेकर उल्लास नव दंपतियों में ज्यादा दिखाई दिया। यह व्रत करवा नाम की एक स्त्री का अपने पति से प्रेम और उसके तपोबल से प्रभावित होकर रखा जाता है। बाजार में भी करवा चौथ की पूजा के लिए फल-फूल समेत अन्य पूजा-पाठ का सामान खरीदा गया। मिट्टी, पीतल व स्टील के कर्मों की खूब बिक्री हुई।

रविवार की सुबह से ही महिलाएं अपने आपको कुछ अलग दर्शाते हुए संजी संवरी वेशभूषा में सिंगार कर एकजुट हो करवा चौथ की कहानी सुनने के बाद देर सायं चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत अपने पति की दीर्घायु की कामना के साथ छलनी में पति को देख पूजा अर्चना उपरांत फलाहार से भोज किया। शहर में यह त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया।

# लोनी विकास समिति ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को सौंपा ज्ञापन

**लोनी, करंट क्राइम।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के लोनी तहसील में आगमन पर लोनी विकास समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष लोनी तहसील बार एसोसिएशन ने शिव विहार मैट्रो स्टेशन से मंडौला विहार गाजियाबाद जनपद की सीमा तक मैट्रो लाईन विस्तार हेतु ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि लोनी की आबादी लगभग 30 लाख के करीब है परन्तु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में जाने हेतु कोई भी परिवहन व्यवस्था नहीं है केवल आटो रिक्शा पर ही निर्भर है लोनी की जनता देश की सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद लोनी होने के बावजूद भी शिक्षा और स्वस्थ की कोई माकूल व्यवस्था नहीं है। लोनी की शिक्षा गाजियाबाद और दिल्ली पर ही निर्भर है जिस लिए लोनी में परिवहन व्यवस्था दिल्ली मेट्रो रेल लाईन शिव विहार मैट्रो स्टेशन लोनी के शान्ति नगर में स्थित है जिसके विस्तार हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमें आज विनोद कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में लोनी तहसील आगमन पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट को लोनी में शिव विहार मैट्रो रेल लाईन को मंडौला विहार गाजियाबाद जनपद की सीमा तक मैट्रो लाईन विस्तार हेतु ज्ञापन सौंपा गया इस मौके पर हाजी सरफराज अहमद अध्यक्ष सामाजिक एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट, वरिसुद्दीन बैनामा लेखक, कमल एडवोकेट, आस मौहम्मद मलिक, तहसीन बैनामा लेखक, श्रीमती सबनम, मनोज शर्मा एडवोकेट, विजय आनंद एडवोकेट सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## 11वीं मंजिल से गिरकर महिला की मौत



नोएडा। नोएडा के सेक्टर-134 जेपी कॉसमॉस सोसाइटी की 11वीं मंजिल से गिरकर एक घरेलू सहायिका की मौत हो गई। युवती की पहचान स्वाति पुत्री राजेश्वर निवासी बदायू हुई है। युवती फ्लैट की बालकनी से नीचे गिरी। गार्ड ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि युवती का पैर फिसल गया था। जिसके चलते वो अपना बैलेंस नहीं बना पाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं परिजनों ने धक्का देने का आरोप लगाया है। स्वाति कॉसमॉस सोसाइटी में टावर के फ्लैट नंबर 1105 में घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। शनिवार दोपहर को वह सोसाइटी में ग्यारहवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में काम कर रही थी। अचानक वह बालकनी से नीचे आ गिरी। उसकी मौके पर मौत हो गई। इस घटना से हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलने पर घरेलू सहायिका के परिजन और अन्य ग्रामीण सेक्टर 134 पहुंच और सोसाइटी के बाहर पहुंच गए। ग्रामीणों ने काफी हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि युवती को धक्का देकर नीचे गिराया गया। वे फ्लैट मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों को काफी समझाया-बुझाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# भारत से टकराव के बाद बढ़ रहीं मालदीव की मुश्किलें
## दिल्ली से मदद मिलने के बावजूद गहराया आर्थिक संकट



**माले ।** मालदीव में आर्थिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। दरअसल, अपनी मुद्रा की लगातार बदल रही स्थिति और पर्यटकों की कमी के चलते देश में विदेशी मुद्रा की भारी कमी पैदा हो गई है।

ऐसे में मालदीव ने अब विदेशी मुद्रा को लेकर नए नियम तैयार किए हैं। इसके तहत अब देश में विदेशी मुद्रा के जरिए लेनदेन के तरीकों को सीमित किया जाएगा। साथ ही पर्यटन संस्थाओं और बैंकों में विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण अनिवार्य रूप से लागू किया जा रहा है।

गौरतलब है कि मालदीव की अर्थव्यवस्था बीते कुछ दिनों में नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई है। खासकर भारत से टकराव के कारण मालदीव की आर्थिक स्थिति को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल, मालदीव से 'भारत को बाहर करने की नीति' (इंडिया आउट कैंपेन) चलाकर सत्ता में आए मोहम्मद मुइज्जु की सरकार की नीतियों के चलते भारतीय पर्यटकों के मालदीव जाने में भारी कमी आई है। देश की अर्थव्यवस्था के लिए सबसे जरूरी पर्यटन सेक्टर पर प्रभाव पड़ने की वजह से इस द्वीप देश की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ी है।

बीते महीने ही मालदीव पर इस्लामिक बॉन्ड के भुगतान में देरी के कारण डिफॉल्टर होने का खतरा पैदा हो गया था। हालांकि, भारत की तरफ से ब्याज रहित 5 करोड़ डॉलर के कर्ज के चलते मालदीव इस संकट से निकलने में सफल हुआ था।

**बीते महीने ही मालदीव पर इस्लामिक बॉन्ड के भुगतान में देरी के कारण डिफॉल्टर होने का खतरा पैदा हो गया था हालांकि, भारत की तरफ से ब्याज रहित 5 करोड़ डॉलर के कर्ज के चलते मालदीव इस संकट से निकलने में सफल हुआ था**

हालांकि, लगातार घटते विदेशी मुद्रा भंडार के चलते मालदीव का आयात खर्च काफी ज्यादा हुआ है। ऐसे में मालदीव के केंद्रीय बैंक और मालदीव के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएमए) ने 1 अक्तूबर को कुछ नए विनियम लागू किए हैं।

इसके तहत पर्यटन उद्योग द्वारा विदेशी मुद्रा के जरिए जुटाई गई राशि को स्थानीय बैंकों में जमा कराना जरूरी है।

मालदीव के मौद्रिक प्राधिकरण, जिसने अगस्त में ही डॉलर के खर्च को लेकर सख्त सीमा लगा दी थी, उसने इस बार डॉलर की कमी के चलते स्थानीय धिवेही भाषा में नए नियमों का एलान किया। इसके तहत मालदीव में सभी लेनदेन मालदीव रुफिया में करना जरूरी है। सिर्फ उन्हीं लेनदेन को छूट दी गई है, जिन्हें विदेशी मुद्रा में करना अनिवार्य है।

एमएमए की तरफ से जारी नए विनियमन और एफएक्यू के मुताबिक, इसमें यह भी प्रावधान है कि वस्तुओं और सेवाओं, कार्यों के मूल्य, शुल्क, प्रभार, किराए और मजदूरी के भुगतान स्थानीय मुद्रा में किए जाएंगे और इन लेनदेन के लिए विदेशी मुद्रा में बिल जारी करने पर रोक लगाई गई है।

# राष्ट्रपति ने मलावी में कई ,एमऔयू साइन किए
## कला-संस्कृति और खेल-फार्मास्युटिकल सहयोग पर भी समझौता



**नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मलावी में अपने समकक्ष लाजर चकवेरा से मुलाकात की और कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। दोनों के बीच व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा के साथ कला और संस्कृति, युवा मामले, खेल और फार्मास्युटिकल सहयोग पर समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

उन्होंने मलावी में एक स्थायी कृत्रिम अंग फिटमेंट केंद्र की स्थापना में भारत सरकार के समर्थन की भी घोषणा की। राष्ट्रपति मुर्मू 13 से 19 अक्तूबर तक तीन देशों अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की यात्रा पर रहीं।

इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मलावी के समाज और अर्थव्यवस्था में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की और उनसे भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत और मलावी ने राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे कर लिए हैं। ये संबंध ऐतिहासिक हैं। भारत आपसी विश्वास, समानता और पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों के आधार पर अफ्रीका महाद्वीप के साथ अपनी साझेदारी को महत्व देता है।

मुर्मू ने कहा, अफ्रीका के साथ सहयोग का हमारा मॉडल अफ्रीकी प्रायद्वीप की अपनी जरूरतों की प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय संसाधनों के दोहन और क्षमता निर्माण पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि देश से बाहर रहने वाले भारतीय नागरिकों का कल्याण भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम भारतीयों की चिंता दूर करने और उनकी सुरक्षा, कल्याण, प्रगति सुनिश्चित करने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

इससे पहले, राष्ट्रपति ने अल्जीरिया और मॉरिटानिया देशों का दौरा किया था।

# एलन मस्क ने वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता पर उठाए सवाल, कहा- केवल कागज के मतपत्रों का इस्तेमाल करें



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने में अब एक महीने से भी कम का समय रह गया है। डेमोक्रेट्स की ओर से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चुनावी मैदान में हैं। दोनों उम्मीदवार में कड़ी टक्कर है। ऐसे में इनके समर्थकों में भी पूरा जोश है। ट्रंप का समर्थन कर रहे एक्स के मालिक एलन मस्क ने वोटिंग मशीन को लेकर बड़ी बात कह दी। उन्होंने दावा किया वोटिंग मशीनें चुनावों में धांधली करती हैं।

### वोटिंग मशीनों का इस्तेमाल...

टेस्ला के सीईओ मस्क ने यह दावा पेंसिल्वेनिया में एक सभा के दौरान किया। उन्होंने डोमिनियन की वोटिंग मशीनों को फिलाडेल्फिया और एरिजोना में रिपब्लिकन की हार से जोड़ा। कहा, 'हमेशा एक तरह का सवाल होता है, जैसे कि डोमिनियन वोटिंग मशीनें। यह अजीब है कि आप जानते हैं, मुझे लगता है कि उनका इस्तेमाल फिलाडेल्फिया और मारिकोपा काउंटी में किया जाता है, लेकिन बहुत सी अन्य जगहों पर नहीं। क्या यह एक संयोग की तरह नहीं लगता?'

इसके अलावा, स्पेसएक्स के मालिक ने देश भर के राज्यों से सिर्फ कागज के मतपत्रों का इस्तेमाल करने और उन्हें हाथ से गिनने का आह्वान किया।

सात करोड़ से अधिक दान दिया

एलन मस्क राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के कट्टर समर्थक बनकर उभरे हैं। पूर्व राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस में वापस लाने के लिए उनकी राजनीतिक कार्रवाई समिति को 7.5 करोड़ डॉलर का दान दिया। इस दान ने मस्क को 2024 चक्र के सबसे बड़े खर्च करने वालों में से एक बना दिया।

मैं बहुत कुछ जानता हूं: मस्क

मस्क ने कहा, 'मैं एक टेक्नोलॉजिस्ट हूं। मैं कम्प्यूटर के बारे में बहुत कुछ जानता हूं।

# उत्तरी गाजा में आईडीएफ के हमले में 73 लोगों की मौत
## कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका



**तेल अवीव ।** इस्राइल-हमास के बीच पिछले एक साल से युद्ध जारी है। इस युद्ध में अब लेबनान और ईरान भी शामिल हो चुका है। हमास की तरफ से पिछले साल किए गए हमले के बाद से ही इस्राइल ने गाजा को तबाह करने की कसम खाई थी। इस्राइली सुरक्षा बलों का लगातार गाजा पर हमले जारी है। उत्तरी गाजा के बेत लहिए में आईडीएफ के हमले में 73 लोगों की मौत हो गई। इस हमले के बाद कई लोगों के मलबे में दबे होने की संभावना है। गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय की तरफ से बताया गया कि मौतों के आंकड़ों में बढ़ोतरी हो सकती है।

### उत्तरी गाजा की स्थिति गंभीर

उत्तरी गाजा में 16 दिनों से जारी इस्राइली सैन्य घेराबंदी के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस क्षेत्र में भोजन, पानी, दवा समेत अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच बंद कर दी गई है। आईडीएफ ने उत्तरी गाजा में हाल के हमले में जान गंवाने वालों के आंकड़ों पर संदेह जताया है। ऑक्सम एक गैर सरकारी संगठन ने दक्षिण गाजा में एक हमले की सूचना दी। इस हमले में खान यूनिस के पास चार इंजीनियरों और श्रमिकों की मौत हो गई।

### बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर हमला

इससे पहले इस्राइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाते हुए लेबनान के बेरूत में कई रॉकेट दागे। हाल ही में हिजबुल्ला ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर ड्रोन हमला किया। इसके बदले नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि हिजबुल्ला ने बड़ी गलती की है। उन्होंने कहा, ह्हत्या का प्रयास उन्हें या इस्राइल को आतंकवादियों को खत्म करने से नहीं रोकेगा। शनिवार को लेबनान की तरफ से दागे गए दो अन्य ड्रोन को इस्राइली हवाई सुरक्षा ने मार गिराया।

# ओबामा ने तारीफों के बांधे पुल, कहा- कमला हैरिस राष्ट्रपति बनने के लिए पूरी तरह तैयार; ट्रंप पर बोला हमला



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को अब एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में इन आखिरी हफ्तों में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन उम्मीदवार यानी कमला हैरिस तथा डोनाल्ड ट्रंप चुनावी तैयारी में पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

जैसे-जैसे इस साल के राष्ट्रपति पद के चुनाव पास आ रहे वैसे-वैसे लोगल खुलकर समर्थन कर रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने लास वेगास में हैरिस का जमकर समर्थन किया। साथ ही ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने हैरिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह जरूरतमंदों की हितकारी हैं, जो दे को आकार देने वाले मूल्यों के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।

### 'अमेरिका पन्ने पलटने के लिए तैयार'

बराक ओबामा ने यह भी कहा कि अमेरिकियों के पास नेताओं की नई पीढ़ी चुनकर देश के भविष्य को आकार देने का अवसर है, जो बेहतर, मजबूत, निष्पक्ष और अधिक समान अमेरिका बनाने में मदद करेगा। उन्होंने रैली में कहा, 'अमेरिका पन्ने पलटने के लिए तैयार है।

हम राष्ट्रपति कमला हैरिस के लिए तैयार हैं। अच्छी खबर यह है कि हैरिस इस पद के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह एक ऐसी नेता हैं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन उन लोगों की ओर से लड़ने में बिताया, जिन्हें एक चैंपियन की जरूरत है।

कोई ऐसा व्यक्ति जो इस देश के निर्माण के मूल्यों में विश्वास रखता हो। साथ ही वह इस पद के लिए उतनी ही तैयार हैं जितनी कि राष्ट्रपति पद के लिए कोई भी उम्मीदवार रहा है। व्हाइट हाउस में एक बेहतरीन साथी गवर्नर टिम वाल्ट्ज उनके साथ होंगे।'

### आप मेल या व्यक्तिगत रूप से करें मतदानः ओबामा

उन्होंने आगे कहा, 'यहां नेवादा में मतदान पहले ही शुरू हो चुका है। आप मेल या व्यक्तिगत रूप से जल्दी मतदान कर सकते हैं। अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को मतदान की योजना बनाने में मदद करें क्योंकि साथ मिलकर, हमारे पास इस देश में नेतृत्व की नई पीढ़ी को चुनने और एक बेहतर, मजबूत, निष्पक्ष, अधिक समान, अधिक आशावादी अमेरिका का निर्माण शुरू करने का मौका है।'

**डोनाल्ड ट्रंप पर जोरदार हमला**

**'कई मुद्दों से जूझ रहा देश':** पूर्व राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अमेरिका महामारी जैसे मुद्दों से जूझ रहा है। इससे कीमतें बढ़ रही हैं और परिवार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि यह चुनाव टक्कर का होने जा रहा है क्योंकि बहुत सारे लोग अभी भी संघर्ष कर रहे हैं। एक देश के रूप में, हम इन पिछले कुछ वर्षों में बहुत कुछ कर चुके हैं। हमने एक महामारी देखी, जिसने व्यवसायों और समुदायों पर कहर बरपाया और फिर महामारी से व्यवधानों के कारण मूल्य वृद्धि हुई और इसने परिवार के बजट पर दबाव डाला। इसलिए मुझे लगता है कि लोग चीजों को क्यों बदल रहे हैं। यह समझ में आता है। मैं इसे समझता हूं। जो बात मैं नहीं समझ पा रहा हूं वह यह है कि कोई यह क्यों सोचेगा कि डोनाल्ड ट्रंप चीजों को इस तरह से बदल देंगे जो लोगों के लिए अच्छा होगा क्योंकि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि यह व्यक्ति खुद के अलावा किसी और के बारे में सोचता है।'

# अमेरिका के मियामी में बना तूफान ऑस्कर

**मियामी ।** अमेरिका के मियामी में बहामास के तट पर तूफान ऑस्कर का निर्माण हो गया है। मियामी के राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने शनिवार को इस बारे में जानकारी दी। हालांकि, तूफान केंद्र ने ऑस्कर को बहुत छोटा बताया।



बहामास सरकार ने तुर्क और कैकोस द्वीप समूह और दक्षिण-पूर्व बहामास के लिए और क्यूबा सरकार ने ग्वांतानामो, होल्गुइन और लास ट्यूनास प्रांतों के लिए तूफान की चेतावनी जारी की है।

इस तूफान की अधिकतम निरंतर हवाएं 80 मील (130 किमी प्रति घंटे) की रफ्तार से तेज झोंकों के साथ चलीं। इसका केंद्र दक्षिण-पूर्व बहामास के लगभग 160 मील (260 किमी) पूर्व-दक्षिणपूर्व और क्यूबा के कैमागुए के लगभग 470 मील (755 किमी) पूर्व में स्थित था।

# मातृत्व अवकाश के बाद फिर गर्भवती होकर लौटी कर्मचारी, कंपनी ने निकाला

**लंदन ।** ब्रिटेन में मातृत्व अवकाश का लाभ लेने के बाद गर्भवती होकर काम पर लौटी एक कर्मचारी को कंपनी से निकाले जाने के मामले में अब न्याय मिला है। बताया गया है कि महिला को रोजगार न्यायाधिकरण की तरफ से मामले में जीत मिली है और कंपनी को उसे 28,000 पाउंड का मुआवजा देने का आदेश जारी किया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पोंटीप्रिड में फर्स्ट ग्रेड प्रोजेक्ट्स में एडमिन असिस्टेंट के तौर पर काम करने वाली महिला ने कंपनी के खिलाफ पक्षपाती तरीके से निकाले जाने से जुड़ा मामला दर्ज कराया था। महिला का नाम निकिता ट्विचेन है। उन्होंने बताया कि 2022 की शुरूआत में मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद कुछ मीटिंग में उन्होंने कंपनी के प्रबंधन निदेशक जेरेमी मॉर्गन को बताया था कि वह गर्भवती हैं। निकिता के मुताबिक, उनकी इस बात से उनके बॉस चौंक गए।

कर्मचारी के मुताबिक, शुरूआत में प्रबंध निदेशक ने उनके काम पर लौटने को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। हालांकि, गर्भावस्था का खुलासा होने के बाद बॉस के उनके प्रति हावभाव में बदलाव आ गया। निकिता ने बताया कि जब मार्च 2022 में उनका मातृत्व अवकाश खत्म हुआ तब कंपनी ने उनसे संपर्क करने की कोई कोशिश नहीं की। इसके बाद उन्होंने कंपनी के प्रबंधन निदेशक



को 4 अप्रैल की छुट्टी की पात्रता को लेकर ईमेल किया। हालांकि, उन्हें इसका जवाब नहीं मिला। निकिता ने 11 और 18 अप्रैल को भी छुट्टी की अर्जी को लेकर ईमेल किया। बाद में जेरेमी मॉर्गन ने जवाबी ईमेल में कहा कि कंपनी की आर्थिक दिक्कतों और पेमेंट में देरी की वजह से उन्हें अनावश्यक कर्मियों की श्रेणी में डाल रहा है।

उन्होंने बाद में कहा कि कंपनी अब नया सॉफ्टवेयर ला रही है, जिसके तहत अब कंपनी में उनकी भूमिका खत्म हो जाएगी। हालांकि, रोजगार न्यायाधिकरण ने निकिता ट्विचेन के पक्ष में फैसला सुनाया और कंपनी की तरफ से उन्हें अनावश्यक कर्मी घोषित करने के कारणों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने यह भी पाया कि जेरेमी मॉर्गन ने फरवरी 2022 में ही कहा था कि उनकी कंपनी बेहतर कर रही है और उसे कोई आर्थिक दिक्कत नहीं है।

# ईरान पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा इस्राइल
## अमेरिका के लीक दस्तावेजों से हुए खुलासे से हड़कंप



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के दो बेहद खुफिया दस्तावेज लीक होने से हड़कंप मच गया है। दरअसल इन लीक दस्तावेजों में कथित तौर पर ईरान पर इस्राइली हमले के लिए सैन्य तैयारियों का जिक्र किया गया है। लीक दस्तावेज अमेरिका की नेशनल जियोस्पेशियल इंटेलीजेंस एजेंसी के हैं। ये एजेंसी अमेरिका के जासूसी उपग्रहों द्वारा ली जाने वाली तस्वीरों और सूचनाओं का विश्लेषण करती है। लीक दस्तावेजों में इस्राइली सेना के अभ्यासों और परिचालन के बारे में जानकारी है।

### इस्राइल-ईरान में चरम पर तनाव

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 15 और 16 अक्टूबर की तारीख वाले दो दस्तावेजों को टेलीग्राम पर ईरान समर्थक यूजर्स द्वारा प्रसारित किया गया था। लीक दस्तवाजे में इस्राइली सेना के सैन्य अभ्यास का विश्लेषण है, जो ईरान पर जवाबी हमले की तैयारी जैसा लग रहा है। गौरतलब है कि इस्राइल और ईरान के बीच लंबे समय से तनाव काफी बढ़ा हुआ है। कुछ समय पहले इस्राइल के सीरिया में कथित हमले में ईरान सेना के शीर्ष कमांडर्स की मौत के बाद ईरान ने इस्राइल पर मिसाइल हमले किए थे। साथ ही बीते दिनों जब इस्राइली हमले में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला की मौत हुई थी, तब भी ईरान ने इस्राइल पर मिसाइलों से हमला किया था। ईरान के हमलों पर इस्राइल ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी।

### क्या है लीक दस्तावेजों में

लीक दस्तावेजों में से एक का शीर्षक 'इजरायलः वायु सेना ईरान पर हमले की तैयारी कर रही' है और इसमें हाल ही में किए गए इस्राइली सैन्य अभ्यास की रूपरेखा दी गई है। इन तैयारियों में कथित तौर पर हवा से हवा में विमानों में ईंधन भरने के अभियान, खोज और बचाव अभियान, और संभावित ईरानी हमलों के मद्देनजर मिसाइल प्रणालियों की पुन-स्थापित करना शामिल है।


दूसरे दस्तावेज में हथियारों और अन्य सैन्य संपत्तियों को रणनीतिक स्थानों पर ले जाने के इस्राइली प्रयासों का खुलासा किया गया है। इन लीक दस्तावेजों से पता चलता है कि इस्राइल, ईरान पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा है।

### अमेरिकी सरकार ने शुरू की लीक की जांच

वहीं इन खुफिया दस्तावेजों के लीक ने कथित तौर पर अमेरिकी सरकार के भीतर हड़कंप मचा दिया है।

# अरब लीग के महासचिव का दावा, कहा- केवल लेबनान ही कर सकती है तत्काल युद्धविराम पर बातचीत

**काहिरा ।** इस्राइल और हिजबुल्लाह के बीच के टकराव को लेकर अरब लीग के महाचसचिव अहमद अबुल



घीत का बड़ा बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने पुष्टि की है कि लेबनान सरकार देश की ओर से बातचीत करने के लिए एकमात्र अधिकृत निकाय है, जिसका उद्देश्य तत्काल युद्ध विराम पर पहुंचना और संकल्प 1701 को पूरी तरह से लागू करना है। जानकारी के अनुसार महासचिव अहमद अबुल घीत ने इस मामले पर लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती द्वारा व्यक्त की गई स्थिति के लिए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है।

### लेबनान के साथ अरब लीग

अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल घीत ने कहा कि अरब लीग का रुख स्पष्ट है, जैसा कि इसके सभी प्रस्तावों में स्पष्ट है। जो अपने महत्वपूर्ण निर्णय लेने में लेबनान की पूर्ण संप्रभुता की पुष्टि करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी पक्ष के लिए संरक्षकता थोपने, दबाव डालने या लेबनान की संप्रभुता को खत्म करने की कोई गुंजाइश नहीं है।

'हम लेबनान के साथ खड़े हैं'

इसके साथ ही अरब लीग के महासचिव ने कहा कि हम इस मामले में लेबनान के साथ पूरी तरह से खड़े हैं।


**खोया पाया**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा भूखंड संख्या थर्ड के, 131 नेहरू नगर, राकेश मार्ग में स्थित है जिसकी असल विक्रय अभिलेख की प्रति बैंक जाते समय कहीं गिर गई है किसी अन्य के द्वारा इसका उपयोग अवैध माना जाए तथा मिलने पर निम्न पते पर सूचित करें ।

प्रार्थिनी
श्रीमती मालती चोपड़ा पत्नी
स्वर्गीय सुरेश चोपड़ा
निवासी-थर्ड ए रामकृष्ण कॉलोनी,जी टी रोड,गाजियाबाद

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र आशीष कुमार को उसके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थीगण
श्याम बरन पुत्र राजपति प्रसाद व मंजू देवी
पत्नी श्याम बरन निवासीगण
3 सेक्टर 4 राज नगर
गाजियाबाद उत्तर प्रदेश

## इस दीवाली रोशनी से जगमगाएगा संपूर्ण गाजियाबाद

# लाइट व्यवस्था सुदृढ़ करने में जुटा निगम

### 130 ल्यूमन की 5000 लाइट आई स्टोर में, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लिया जायजा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग सभी वार्डों में लाइटों को लगाने का तथा लाइटों की मरम्मत का कार्य अभियान के रूप में कर रहा है। हर गली और मोहल्ले में अंधकार दूर करने के लिए लाइटों को व्यवस्थित किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार लाइटों को लगाया भी जा रहा है। हर वार्ड में 50-50 लाइट लगाते हुए अंधेरे को दूर किया जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षदों तथा आरडब्ल्यूए पदाधिकारी की देखरेख में लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ कराया जा रहा है। 90 वाट की 2000 तथा 70 वाट की 3000 लाइट निगम आ चुकी है जिसका नगर आयुक्त द्वारा स्टोर में पहुंचकर जायज लिया गया। उच्च गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार 130 ल्यूमन की लाइट मंगाई गई हैं जो की अन्य लाइटों से अधिक उजाला देने की कैपेसिटी रखती हैं। नगर आयुक्त द्वारा खुद लाइटों की क्वालिटी देखी गई तथा समय से लाइट लगवाने के लिए संबंधित ठेकेदार को भी निर्देशित किया गया। मौके पर अवनिंद्र कुमार अपर नगर आयुक्त, सह प्रकाश प्रभारी आसकुमार व अन्य टीम उपस्थित रही।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग योजना के क्रम में लाइट व्यवस्था को बेहतर करने में जुटा हुआ है। हर क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी भी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। दीपावली से पूर्व क्षेत्र पूर्ण रूप से प्रकाशमय होगा निगम का प्रयास जारी है।

# जीडीए में शुरू हुई ई-ऑफिस प्रणाली



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के निर्देश एवं शासन की प्राथमिकता के अनुरूप गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सभी अनुभागों के कार्यों को विधिवत ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से सम्पादित किये जाने का शुभारम्भ किया गया। दिनांक 21 अक्टूबर 2024 से प्राधिकरण के सभी अनुभाग ई-ऑफिस प्रणाली से ही कार्य सम्पादित किया जायेगा। सभी अनुभाग के प्रभारी के साथ उनका समस्त स्टॉफ आज दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को उपस्थित होकर ई-ऑफिस पोर्टल का प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अपने-अपने अनुभाग से सम्बन्धित पत्रावलियों को अपलोड कराकर ई-ऑफिस प्रणाली का अग्रसारण किया गया। इस अवसर पर सचिव, जी0डी0ए0, अपर सचिव, जी0डी0ए0, प्रभारी मुख्य अभियन्ता व अधिशासी अभियन्तागण, सहायक अभियन्तागण व समस्त प्राधिकरण स्टॉफ की उपस्थिति रही।

# पति की लंबी आयु की कामना के साथ सुहागिनों ने मनाया करवाचौथ का पर्व



संदीप केसी संग पत्नी शालू



युग गुर्जर एवं रेखा गुर्जर



सुरेश कुमार , 598 जी न्याय खण्ड 3 इंद्रापुरम गाजियाबाद





विभोर सेठी व साक्षी



रचना और पंकज







सतेंदर चौधरी पत्नी बबिता चौधरी



विपिन, सरिता,रोहित, विदिशा,अनूप, दीप्ति,अर्पित, नेहा

## मसूरी पुलिस ने झगड़े के मामले में 7 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना मसूरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम भूडगढ़ी में रविवार को मेड के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और गाली-गलौच हुई, जिसमें कई लोग शामिल थे। घटना के बाद मसूरी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला किया और मारपीट की। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस घटना ने गांव में तनाव का माहौल बना दिया है, लेकिन पुलिस की सक्रियता से स्थिति नियंत्रण में है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसे झगड़े और विवाद न हों।

## एसी कंपनी पर 2.15 करोड़ के नुकसान का आरोप, हापुड़ में एसी फटने पर हुआ था हादसा

**हापुड़।** हापुड़ के दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर स्थित गांव सबली बाईपास के पास एक ढाबा संचालक ने नामी एसी कंपनी के मालिक, डिस्ट्रीब्यूटर और सेल्समैन पर धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है। ढाबा संचालक का कहना है कि मानकों के खिलाफ बेचे गए एसी के फटने से उसके ढाबे में आग लग गई, जिससे करीब 2.15 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआ है। थाना हाफिजपुर क्षेत्र के रामपुर निवासी शाकुल शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 11 अक्टूबर की रात करीब 1:30 बजे उसके ढाबे में लगी एसी अचानक फट गई। इस धमाके के बाद ढाबे में भीषण आग लग गई। किसी तरह शाकुल और उसके कर्मचारियों ने जान बचाकर ढाबे से बाहर निकलने में सफलता पाई, लेकिन आग ने ढाबे को पूरी तरह खाक कर दिया।

### मानकों के विपरीत बेचा एसी

शाकुल शर्मा ने बताया कि उसने 30 मई को मेरठ रोड स्थित दीवान पब्लिक स्कूल के पास न्यू आलोक कॉलोनी से एक नामी एसी कंपनी का एसी खरीदा था। आरोप है कि कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर और सेल्समैन ने उसे धोखाधड़ी से मानकों के खिलाफ एसी बेच दिया,



जिसके चलते यह हादसा हुआ। शाकुल ने आरोप लगाया कि कंपनी ने अधिक मुनाफे के लिए उसे घटिया एसी दिया, जिसके चलते आग लगी।

### कोतवाली में मामला दर्ज, जांच जारी

पीड़ित की शिकायत पर हापुड़ कोतवाली पुलिस ने एसी कंपनी के मालिक, डिस्ट्रीब्यूटर और सेल्समैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है, और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ढाबा संचालक शाकुल शर्मा का कहना है कि इस आग ने उसकी सालों की मेहनत को बर्बाद कर दिया। अब वह न्याय की उम्मीद कर रहा है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मुआवजे की मांग कर रहा है।

## कोर्ट के वारंटी को घसीटकर ले गई गाजियाबाद पुलिस, परिजनों ने किया गिरफ्तारी का विरोध

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने कोर्ट से वांछित चल रहे एक अपराधी को शनिवार रात खोड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के वक्त घर की महिलाएं एकजुट हो गई और उन्होंने पुलिसिया कार्रवाई का विरोध किया। ऐसे में पुलिस, आरोपी को घसीटते हुए जीप तक ले गई। आरोपी को सड़क पर घसीटने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पुलिसकर्मियों पर आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने बर्बरता की। खोड़ा थाने के एसएचओ आनंद प्रकाश मिश्र ने बताया- खोड़ा थाना क्षेत्र के प्रकाश नगर में रहने वाले सचिन उर्फ रैपर के खिलाफ लूट, चोरी और छिनैती के कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी काफी दिनों से एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहा था। इसलिए उसके गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। इसमें कोर्ट ने सुनवाई की तारीख 3 दिसंबर लगाई हुई है। एसएचओ ने बताया- खोड़ा थाने की पुलिस शनिवार रात आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची। घर पर मौजूद मिले सचिन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस जब उसे लेकर जाने लगी तो घर की महिलाएं इकट्ठा हो गईं। वो पुलिस कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करने लगीं। वहीं सचिन भी जमीन पर लेट गया। ऐसे में आरोपी को बलपूर्वक ले जाना पड़ा। गिरफ्तारी करते वक्त कोर्ट के सभी निर्देशों का पूरी तरह पालन किया गया है।



# सब जूनियर जिला शूटिंग बॉल चैंपियनशिप आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सब जूनियर जिला शूटिंग बॉल चैंपियनशिप रविवार को एसडी पब्लिक स्कूल राज नगर एक्सटेंशन गाजियाबाद में आयोजित हुई। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिंदल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राम अवतार जिंदल थे। समारोह की अध्यक्षता शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने की, गुलशन भांबरी, रविंद्र सिंह तोमर, मदन पाल सिरोही, अरविंद चौधरी और अतुल तोमर भी मौजूद थे। पहले सेमीफाइनल मैच में एसडी पब्लिक स्कूल राज नगर एक्सटेंशन ने एसएसके पब्लिक स्कूल प्रताप विहार को 21-18 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में बाबा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नंदराम ने एसडी क्लब को 21-16 से हराया। फाइनल मैच में बाबा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नंदराम ने एसडी पब्लिक स्कूल राजनगर एक्सटेंशन को 23-21 से हराकर पहला स्थान हासिल किया एकलव्य पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. रूपा रानी त्यागी ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए।

# डासना मंदिर विवाद में वेव सिटी पुलिस की कार्रवाई तेज



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डासना देवी मंदिर के सामने विशेष समुदाय के ईष्ट पर की गई टिप्पणी के विरोध में नारेबाजी और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में थाना वेव सिटी पुलिस ने 4 और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में अब तक कुल 33 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

यह मामला 4 अक्टूबर 2024 का है, जब डासना देवी मंदिर के सामने सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा होकर नारेबाजी करने लगी, जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। इसके बाद थाना वेव सिटी पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर अभियुक्तों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की थीं। रविवार को सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इनपुट के आधार पर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी अभियुक्तों को हिरासत में लेकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि डासना स्थित यति नरसिंहानंद सरस्वती के देवी मंदिर को लेकर अक्सर विवाद होता रहा है। यह घटना भी मंदिर से जुड़ी हालिया टिप्पणी के विरोध में हुई थी। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। यति नरसिंहानंद सरस्वती का इस मामले में कहना है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना अनुचित है, लेकिन समाज में शांति बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने सभी समुदायों से आपसी सद्भाव और शांति की अपील की है। पुलिस ने बताया कि बाकी संदिग्धों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं और कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आईटीएस में पुरातन छात्र समागम (एल्युमिनी रीयूनियन) का भव्य आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईटीएस मोहन नगर गाजियाबाद में एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) के छात्रों का पुरातन छात्र समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में लगभग 200 से अधिक पुरातन छात्र तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ आई० टी० एस मोहन नगर गाजियाबाद परिसर के आई० टी० तथा स्नातक विभाग के निदेशक डा० सुनील कुमार पांडेय, एमसीए कार्यक्रम की संयोजिका प्रो० पूजा धर, एलुमनाई कोऑर्डिनेटर प्रो० सौरभ सक्सेना एवं प्रो० स्मिता कंसल तथा वरिष्ठ पुरातन छात्रों के द्वारा मा वीणा वादिनी के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने सम्बोधन में आई० टी० एस समूह के चेयरमैन डॉ० आर० पी० चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने हर्ष व्यक्त किया तथा सभी पुरातन छात्रों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के आरम्भ में आई० टी० एस मोहन नगर के एमसीए विभाग के एलुमनाई कोऑर्डिनेटर प्रो० सौरभ सक्सेना ने कार्यक्रम के उद्देश्य तथा रूपरेखा पर प्रकाश डाला। अपने स्वागत सम्बोधन में आई० टी० एस मोहन नगर के आई० टी० तथा स्नातक परिसर के निदेशक डॉ० सुनील कुमार पांडेय ने प्रेरणादायक शब्दों से सभी को प्रोत्साहित किया। अपने सम्बोधन में आई० टी० एस मोहन नगर के एमसीए विभाग की संयोजिका प्रो० पूजा धर ने कहा कि इस समारोह का उद्देश्य सिर्फ पुरानी यादों को ताजा करना ही नहीं है, बल्कि नए विचारों और अनुभवों को साझा करना भी है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। पूर्व छात्रों ने अपनी सफलता की कहानियों और वर्तमान उद्योग में अपनी उपलब्धियों के बारे में अपने विचार साझा किये एवं वर्तमान छात्रों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया। समारोह में उपस्थित सभी पूर्व छात्रों ने इस आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने इसे एक अनूठा और यादगार अनुभव बताया। कई पूर्व छात्रों ने कहा कि यह पुनर्मिलन उनके लिए न केवल एक सामाजिक अवसर था, बल्कि एक नेटवर्किंग का मंच भी साबित हुआ। कार्यक्रम के अंत में आई० टी० एस मोहन नगर के एमसीए विभाग की सह संयोजिका प्रो० स्मिता कंसल इस सफल आयोजन के लिए सभी उपस्थित लोगों, आयोजकों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर एमसीए कार्यक्रम के सभी छात्र तथा संकाय सदस्य उपस्थित थे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बेटी के जन्मदिन पर मां ने अपनी खुशियों को साझा किया। बेटी को उसके पापा की तरह चुनौतियों का डट कर सामना करने की सलाह दी। रिया के हैप्पी बर्थडे पर उसकी मम्मी पूजा शर्मा ने कहा कि तुम्हारी जैसी बेटी पाकर हमारा जीवन धन्य हो गया है। मां बेटी के रिश्ते की मधुरता को संजोए हुए यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।